आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 22.04.2024

मुख्य समाचारः—

1— भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे—कल सक्ती और धमतरी में आयोजित जनसभाओं को करेंगे संबोधित।

2— केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांकेर में, तो वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने आज प्रदेश में तीन स्थानों पर चुनावी सभाओं को किया संबोधित।

3— प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात लोकसभा क्षेत्रों में आज नामांकन वापसी के अंतिम दिन के बाद एक सौ सड़सठ उम्मीदवार चुनाव मैदान में।

4— मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के एक—दो स्थानों पर गरज—चमक के साथ ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली गिरने की दी चेतावनी।

प्रधानमंत्री—छत्तीसगढ़ प्रवास

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान श्री मोदी तेईस अप्रैल को जांजगीर—चांपा लोकसभा क्षेत्र के सक्ती और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के धमतरी में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री सक्ती जिले के जेठा में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे रायपुर स्थित राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। वहीं, दूसरे दिन चौबीस अप्रैल को श्री मोदी सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के अंबिकापुर में सभा लेंगे।

प्रधानमंत्री के प्रवास को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां अंतिम चरण पर है। रायपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री के प्रवास को देखते हुए पांच से छह लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। साथ ही प्रधानमंत्री की सुरक्षा में एसपीजी के जवान अलग से तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के राजभवन में रात्रि विश्राम के मद्देनजर राजभवन के आसपास के मार्ग को आज रात से सील कर दिया जाएगा। साथ ही वैकल्पिक मार्ग के लिए रूट डायवर्ट किया जाएगा। राजभवन के तीन किलोमीटर के रेडियस को ड्रोन के लिए नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। वहीं, आसपास के क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर के होटल, धर्मशाला और लॉज में आने वाले विजिटर्स की जानकारी मंगाई गई है। इसके अलावा शहर के प्रवेश बिन्दुओं पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

इस बीच, राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजभवन में रात्रि विश्राम को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली और जरूरी दिशा—निर्देश दिए।

अमित शाह—कांकेर सभा

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण का चुनाव प्रचार जोरों पर है। भाजपा और कांग्रेस के साथ ही अन्य राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक अपने पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में रैली और सभाएं कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांकेर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में नक्सलवाद अब खत्म होने की कगार पर है। उन्होंने कहा कि यदि केन्द्र में फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो अगले दो साल में छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के

बाद बीते चार महीनों में नब्बे से अधिक नक्सली मारे गए हैं, एक सौ तेईस नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और करीब ढाई सौ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। केंद्रीय गृहमंत्री ने नक्सलियों से आह्वान किया कि वे आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो जाए, नहीं तो उनका खात्मा तय है। श्री शाह ने कहा कि बीते दस सालों के दौरान केन्द्र में मोदी सरकार ने आदिवासियों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार गरीब, आदिवासी और पिछड़े वर्ग का है।

जेपी नड्डा–सभा

वहीं, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने आज बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के लोरमी, दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के भिलाई और रायपुर लोकसभा क्षेत्र के चंदखुरी में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति की है। वहीं, केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने विकास को प्राथमिकता दी है। श्री नड्डा ने कहा कि यदि केन्द्र में फिर से भाजपा की सरकार बनती है तो आगामी पांच साल में तीन करोड़ आवास बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार गांव, गरीब और किसान समर्पित सरकार है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास के कई कार्य हुए हैं।

उधर, श्री नड्डा ने भिलाई में आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगले पांच वर्षों में दलहन और तिलहन के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन जाएगा। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा योजना के तहत घरों में पैनल लगेंगे और घर–घर में बिजली का उत्पादन होगा। इससे पांच साल बाद किसी भी नागरिक को बिजली का बिल नहीं देना पड़ेगा। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस–पत्रकारवार्ता

राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला ने भारतीय जनता पार्टी पर कांग्रेस के घोषणा पत्र के बारे में दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया है। श्री शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं और अगर कांग्रेस केन्द्र में सत्ता में आती है तो अपने सभी वादे पूरे करेगी।

आज रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में श्री शुक्ला ने कहा कि भाजपा संविधान को बदलकर लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को भाजपा ने बढ़ावा दिया है। अब भाजपा को चाहिए कि वह छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को खत्म करे। श्री शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद का सबसे अधिक दंश कांग्रेस के नेतृत्व ने झेला है।

छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन कल छत्तीसगढ़ आएंगी। वे कल महासमुंद और रायपुर में पत्रकारवार्ता को संबोधित करेंगी।

नामांकन–नाम वापसी

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात लोकसभा क्षेत्रों में आज नामांकन वापसी के अंतिम दिन के बाद एक सौ सड़सठ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें एक सौ बयालीस पुरूष और छब्बीस महिला प्रत्याशी शामिल है। नामांकन पत्रों की जांच में एक सौ सत्यासी प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गए थे।

आज नामांकन वापसी के अंतिम दिन सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर–चांपा और कोरबा लोकसभा सीट से दो–दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस लिया। जबकि बिलासपुर लोकसभा सीट से पांच और रायपुर लोकसभा सीट से छह प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र वापस लिए हैं। दुर्ग लोकसभा सीट से किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया।

नाम वापसी के बाद सरगुजा लोकसभा क्षेत्र से दस प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं, रायगढ़ से तेरह, जांजगीर–चांपा से अट्ठारह, कोरबा से सत्ताईस, बिलासपुर से सैंतीस, दुर्ग से पच्चीस और रायपुर लोकसभा क्षेत्र से अड़तीस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

गौरतलब है कि तीसरे चरण के तहत इन सात संसदीय क्षेत्रों में सात मई को वोट डाले जाएंगे।

आईईडी विस्फोट–ग्रामीण मौत

बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि बीते बीस अप्रैल को गंगालूर थाना क्षेत्र के मुतवेंडी के जंगल में एक ग्रामीण वनोपज संग्रहण के लिए गया था। इस दौरान अचानक आईईडी विस्फोट हो गया, जिससे ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जिले में एक महीने के भीतर आईईडी विस्फोट की यह तीसरी घटना है।

अनिल टुटेजा–ईडी कार्रवाई

रायपुर जिला न्यायालय ने कथित शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को चौबीस अप्रैल तक के लिए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। विशेष अदालत के न्यायाधीश के छुट्टी से वापस लौटने के बाद श्री टुटेजा को पेश किया जाएगा। श्री टुटेजा को आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश किया गया था।

गौरतलब है कि ईडी शनिवार को अनिल टुटेजा को पूछताछ के लिए ले गई थी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले, कल न्यायालय ने उन्हें एक दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा था।

भारतीय सेना–प्रवेश परीक्षा

भारतीय सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा आज से शुरू हो गई है। यह परीक्षा कल तेईस अप्रैल को भी होगी। इसके अलावा चौबीस, पच्चीस, उनतीस और तीस अप्रैल को भी परीक्षाएं ली जाएंगी। वहीं, अगले महीने दो और तीन मई को भी प्रवेश परीक्षा होगी। यह परीक्षा तीन पालियों में ली जा रही है। इन परीक्षाओं में भारतीय सेना की वेबसाइट पर पंजीयन कराने वाले उम्मीदवार ही शामिल हो सकेंगे। सेना भर्ती कार्यालय के अनुसार इस बार अग्निवीर कार्यालय सहायक के पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का टायपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन परीक्षा केन्द्रों पर ही लिया जा रहा है। इन परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र भारतीय सेना की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ में रायपुर के अलावा भिलाई, दुर्ग, बिलासपुर और जगदलपुर में परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

पृथ्वी दिवस

आज विश्व पृथ्वी दिवस है। विश्व में पर्यावरण संरक्षण प्रयासों में समर्थन के लिए यह दिन मनाया जाता है। इस बार का विषय है–प्लैनेट वर्सिज प्लास्टिक यानी पृथ्वी के संरक्षण की दिशा में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने और इसके प्रकृति पर पड़ने वाले प्रभाव को दूर करना।

मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने, ओलावृष्टि होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ़ से दक्षिण केरल तक बनी हुई

है। इसके असर से प्रदेश में बदली–बारिश की स्थिति बन रही है। तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष उन्नीस सौ निन्यानवे बैच के अधिकारी सोनमणि बोरा को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटने के बाद आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव के पद पर पदस्थ किया है।

– विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी ने घोषणा की है कि चार वर्षीय स्नातक डिग्रीधारक अब सीधे नेट की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं और किसी भी विषय में पीएचडी कर सकते हैं।

– एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर की टीम ने आज कोरबा जिले के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पाली के ब्रांच मैनेजर और कैशियर को पांच हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे–हाथों गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>